an>

Title: Need to put moratorium on interest payment on education loan till the employment of the students.

**श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान)** ः भारत सरकार द्वारा छात्रों को उच्च शिक्षा हेतु बैंकों द्वारा कर्ज प्रदान किया जाता है, जो एक सराहनीय कदम है। इससे लाखों गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहायता हो रही है। मैं सरकार का ध्यान इस शिक्षा क्रम की विसंगतियों की ओर दिलाना चाहता हूं। शिक्षा क्रम में ये प्रावधान है कि छात्र को अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद ऋण को ब्याज सहित वापसी करना होता है। बहुत-से छात्रों को पढ़ाई के पश्चात् तत्काल कोई रोज़गार नहीं मिल पाता है। ऐसी स्थिति में छात्रों से ज्यादा ब्याज वसूलना न्याय संगत नहीं है।

अतः मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि छात्रों के हित में छात्रों से ब्याज न वसूला जाए, जब तक कि वे कोई नौकरी में न लग जाए। इससे लाखों छात्रों को फायदा होगा और वे तनावमुक्त होकर अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे।